## कक्षा –11
## विषय–काष्ठशिल्प
## पाठ्यक्रम का मासिक विभाजन
## सत्र 2026–27

| क्र0सं0 | माह | इकाई | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | अप्रैल | एक | अप्रैल से शिक्षण कार्य प्रारम्भ होगा।<br><br>1. काष्ठशिल्प की परिभाषा, सिद्धांत, महत्व, उद्देश्य एवं फर्नीचर का इतिहास ।<br>2. काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाले यंत्र, यंत्र की परिभाषा एव उनका वर्गीकरण।<br>3. खुरदरा काटने वाले यंत्ररू– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की आरियों का ज्ञान। जैसे–दाँतों को बनाना, दाँतों को सेट करना, दाँतों को तेज करना, 2.54 सेंमी. में दाँतो की संख्या, दाँतों का कोण तथा आरियों को चलाते समय ध्यान देने योग्य बातें। |
| 2 | मई | एक<br><br><br><br>दो | 4. रन्दने वाले यंत्रः इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रन्दों का ज्ञान। जैसे– परिभाषा, उनका प्रयोग, मुह का कोण उनके भाग आदि। रन्दे में खराबियों तथा उनको दूर करना। रन्दे चलाते समय विशेष ध्यान देने योग्य बातें।<br>1. छोलने वाले यन्त्रः इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की रुखानियों तथा ड्रा नाइफ का ज्ञान। जैसे– रुखानियों के प्रकार, उनके भाग, कार्य तथा प्रयोग करते समय विशेष ध्यान देने योग्य बातें।<br>2. खरोचने वाले यंत्रः इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की रेतियों का ज्ञान। दाँतों तथा कार्य के अनुसार रेतियों के प्रकार, उनके भाग, प्रयोग तथा सुरक्षा आदि का ज्ञान ।<br>3. जाँच करने वाले यंत्रः इसके अन्तर्गत स्ट्रेट एज, वाइंडिंग स्ट्रिप, प्लम्ब सूई, स्प्रिट लेवेल, गुनिया, स्लाइडिंग बेविल, माइटर स्क्वायर आदि का ज्ञान । |
| 3 | जून | | ग्रीष्मावकाश |
| 4 | जुलाई | दो<br>तीन | 4. चिन्ह लगाने तथा नापने वाले यंत्रः इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के खतकस, दो फुटा, चिन्ह चाकू, विंग परकार, स्केल आदि का ज्ञान।<br>1. छेद करने वाले यंत्रः इसके अन्तर्गत ब्रेस, हैण्ड ड्रिल, देशी ड्रिल एवं ब्राडाल आदि का ज्ञान। ड्रेस तथा हैण्ड ड्रिल में प्रयोग होने वाले बिट्स (BITS) का ज्ञान।<br>**प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)।**<br>2. ठोकने तथा निकालने वाले यंत्र इसके अन्तर्गत मुंगरी, विभिन्न प्रकार के हथौड़े, जम्बूर, प्लाएर्स, नेल पंच, नेल पुलर, पेचकस आदि का ज्ञान ।<br>3. कसकर पकड़ने वाले यंत्र इसके अन्तर्गत मेज बांक, आरी बॉक, छड़ सिकन्जा, जी सिकन्जा, बेन्च होल्ड फास्ट तथा दस्ती पेच आदि का ज्ञान । |
| 5 | अगस्त | चार | 1. पर्यावरणः पर्यावरण की परिभाषा, प्रकार तथा काष्ठ–शिल्प प्रयोगशाला से होने वाले प्रदूषण, उनका स्वास्थ पर प्रभाव तथा बचाव के उपाय। वृक्ष हमारे मिल प्रदूषणा दूर करने में इनसे प्राप्त सहायता। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 2. लकड़ी में खराबियाँ– खराबियों के प्रकार तथा विस्तार से उनका वर्णन ।<br>**द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)।**<br>3. वृक्ष के मुख्य भाग तथा उनके कार्य । |
| 6 | सितम्बर | चार<br>पाँच | 4. लकड़ी के व्यापार से राष्ट्रीय आय । आयात एवं निर्यात।<br>1. वृक्षः– वृक्ष के प्रकार तथा एक्सोजेनस वृक्ष के तने का व्यतस्त खण्ड।<br>2. वृक्ष का बढ़ना। |
| 7 | अक्टूबर | पाँच<br>छः | 3. पेड़ काटने का उचित समय (मौसम), पेड़ काटने की उम्र तथा कटी हुई लकड़ियों के नाम व व्यापारिक आकार।<br>4. लट्ठे चीरना, लकड़ी के रेशे तथा अच्छी लकड़ी की पहचान (गुण)।<br>1. नमूनों (MODELS) को सजाने की विधियाँ– जैसे–शेपिंग खराद का कार्य, इनलेइंग, एप्लोक का कार्य, मोल्डिंग, विनियरिंग तथा स्टेन्सिलिंग का सम्पूर्ण ज्ञान।<br>**अर्द्धवार्षिक परीक्षा (लगभग 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर)** |
| 8 | नवम्बर | छः | 2. आलेखन–परिभाषा, प्रकार एवं बनाने का सिद्धान्त।<br>3. मापनी मापनी की परिभाषा, प्रकार, नाप, अनुपात तथा बनाने की विधि का सम्पूर्ण ज्ञान।<br>**तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)।** |
| 9 | दिसम्बर | सात | 1. मोल्डिंग–परिभाषा, प्रकार, नाप, अनुपात तथा एक या कई को मिलाकर उनका प्रयोग।<br>2. सरेस–सरेस की परिभाषा, प्रकार तथा सरेस बर्तन। पशु सरेस पकाने तथा प्रयोग करने की विधि ।<br>3. तेल–काष्ठकला में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के तेलों का ज्ञान।<br>**चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)।** |
| 10 | जनवरी | | शेष पाठ्यक्रम को पूर्ण करना।<br>पढ़ाए गये पाठों की पुनरावृत्ति । |
| 11 | फरवरी | | वार्षिक गृह परीक्षा का आयोजन। |
| 12 | मार्च | | बोर्ड परीक्षा के बाद गृह परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल तैयार करना।<br>छात्रों में परीक्षाफल वितारेत करना।<br>आगामी सन्त्र के प्रवेश कार्य हेतु तैयारी करना। |